## खबर संक्षेप

### रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**घरौंडा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से 24 अगस्त को रेलवे रोड स्थित अग्रसेन भवन में एक रक्तदान शिविर आयोजित किया जा रहा है। बीके रेनू बहन ने जानकारी देते हुए बताया कि 24 अगस्त को आयोजित रक्तदान शिविर में समाजसेवी संदीप गुप्ता मुख्य रूप से और पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सम्मानीय अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

### आज होगी राजपूत सभा की कार्यकारिणी बैठक

**करनाल।** राजपूत सभा के महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा ने बताया की 23 अगस्त दिन शनिवार सुबह 11 बजे राजपूत सभा करनाल की कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया जाएगा। कार्यकारिणी बैठक में बीते समय में सभा द्वारा समाज के द्वारा किए गए कार्यों पर मंथन होगा और आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया की राजपूत सभा समाज हित में कार्य करती है, समाज के छात्र छात्राओं, खिलाडि़यों को प्रोत्साहन से लेकर सभा द्वारा कई ऐसे आयाम स्थापित किए गए हैं जिनका अनुसरण दूसरी संस्थाओं ने भी किया है।

### सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक चुनाव की हुई घोषणा

**करनाल।** सर्व कर्मचारी संघ के ब्लॉक चुनाव सम्मेलनों की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। 27 अगस्त से नौ सितंबर तक सभी छह ब्लॉकों के चुनाव करवाए जाएंगे। एसकेएस के जिला प्रधान सुशील गुर्जर और सचिव सेवाराम ने यह जानकारी दी।

### बुद्धा कॉलेज बीएड का परिणाम शत-प्रतिशत

**करनाल।** बुद्धा कॉलेज ऑफ एजुकेशन का बी.एड. द्वितीय वर्ष का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। चेष्टा ने 80.2 अंक लेकर प्रथम, शुभम वसुजा ने 78.2 अंक लेकर द्वितीय और सिंपल ने 77.6 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रिजवान ने बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### बागवानी फसलों पर चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**करनाल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत विस्तार शिक्षा संस्थान नीलोखेड़ी में /"बागवानी फसलों में कटाई उपरांत प्रबंधन और गुणवत्ता नियंत्रण/" विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक डॉ. संजय कुमार ने की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सिर्फ उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों का इस्तेमाल कर अपनी फसल की गुणवत्ता को बनाए रखना और उसे उचित तरीके से बाजार तक पहुँचाना भी जरूरी है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' तहत किया पौधारोपण

**करनाल।** राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से /"एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ रहा।

## प्रशासन की सख्ती से डेरी संचालको में मची खलबली

# सदर बाजार में 5 अवैध डेयरियों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई


कार्रवाई के दौरान चरणजीत नामक डेयरी को सील किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

नगर निगम करनाल ने शुक्रवार को शहर के सदर बाजार क्षेत्र में चल रही पाँच अवैध डेयरियों पर बड़ी कार्रवाई की। निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि डेयरी संचालकों को पिंगली डेयरी शिफ्टिंग कॉम्प्लेक्स में प्लॉट आवंटित किए जाने के बावजूद वे न तो वहाँ निर्माण कर रहे थे और न ही अपनी डेयरियों को शिफ्ट कर रहे थे, जिसके कारण निगम को यह कदम उठाना पड़ा। कार्रवाई के दौरान चरणजीत नामक डेयरी को सील किया गया।

नवीन कुमार व राजेन्द्र की डेयरियों से चार पशु जब्त कर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं विजय डेयरी को 24 घंटे और केला देवी डेयरी को तीन दिन का समय दिया गया है। निगमायुक्त ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समय सीमा में शिफ्टिंग नहीं की गई तो डेयरियों को सील कर दिया जाएगा और पशुओं को कब्जे में ले लिया जाएगा।

डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि शहर की सफाई व्यवस्था और नालों की अवरोध समस्या को देखते हुए नगर निगम शहर में किसी भी डेयरी को चलने नहीं देगा। उन्होंने कहा कि अब तक नौ डेयरियों में से चार डेयरियां शिफ्ट हो चुकी हैं, शेष को भी जल्द ही बाहर भेजा जाएगा। आज की कार्रवाई उपनिगमायुक्त अभय सिंह, ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं कार्यकारी अभियंता ओ.पी. करदम के नेतृत्व में की गई।



**कार्रवाई के दौरान टीम में ये रहे मौजूद**

टीम में मुख्य सफाई निरीक्षक सुरेन्द्र चोपड़ा, सफाई निरीक्षक मनदीप सिंह, सहायक मनोज मान व प्रदीप शर्मा, पशुपालन विभाग के वेटरनरी सर्जन सहित अन्य कर्मचारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।



### अवैध कॉलोनियों पर चला डीटीपी का पीला पंजा

**करनाल।** जिला नगर योजनाकार गुंजन के निर्देशन में शहर में अवैध निर्माणों और कॉलोनियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गत दिवस सात अवैध कॉलोनियों को तोड़फोड़ अभियान के तहत ध्वस्त किया गया। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि पहली कॉलोनी सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन के पास 2.5 एकड़ भूमि पर काटी जा रही थी, जहाँ पक्की सड़कों, सीवरेज सिस्टम और बिजली खंभों को तोड़ा गया। दूसरी कॉलोनी दून वैली कॉलेज के समीप 2.5 एकड़ क्षेत्र में विकसित की जा रही थी, जहाँ भी सड़कों और बिजली ढांचे को हटाया गया। तीसरी और चौथी कॉलोनी मंगल कॉलोनी पार्ट-2 के पीछे क्रमशः 3.5 और 1.5 एकड़ में काटी जा रही थीं, जिनमें बनी कच्ची सड़कों को ध्वस्त किया गया। पाँचवीं कॉलोनी 4.5 एकड़ में रामदेव कॉलोनी के पीछे पाई गई, जबकि छठी और सातवीं कॉलोनी रामदेव कॉलोनी पार्ट-2 के पीछे विकसित की जा रही थीं। इनमें एक जगह 1 डीपीसी व कच्ची सड़कें तोड़ी गईं, वहीं 3 एकड़ में फैली कॉलोनी में 15 डीपीसी और पक्की सड़कें हटाई गईं। डीटीपी गुंजन ने कहा कि दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराई जा रही है और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में न तो जमीन खरीदें और न ही निर्माण करें। डीलरों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से लाइसेंस लेकर ही कॉलोनी विकसित करें।



**करनाल।** प्रवचन करती हुई महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज एवं उपस्थित श्रद्धालुगण।

## भक्ति संगम में लोक मंगल की कामना

- श्री घंटाकर्ण तीर्थस्थान कुशल-क्षेम तथा सद्भाग्य सुनिश्चित करता है : महासाध्वी प्रमिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक किया गया।

सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। साध्वी जागृति, कर्मवीर, जयपाल सिंह, अनिता जैन, प्रवीण जैन, पुष्पा गोयल, सरिता जैन ने सुमधुर भक्तिगीतों से समा बांधा। दादा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए; सच कहता हूं मेरी तकदीर बदल जाए, इंद्री वाले की मैंने जब से पकड़ी है बांह; बदली है तकदीर और बदले हालात, तू प्यार का सागर है और भक्तों का रहबर है, जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा यह जीवन समर्पण चरण में तुम्हारे; लाखों भक्त है तेरे दादा एक और बढ़ा ले मुझे अपना बना ले, आदि भजनों के बोलों ने सभी को झूमने के लिए विवश किया। महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि श्री घंटाकर्ण कृपानिधान भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं जो सबको निहाल तथा मालामाल करते हैं। इनके उपासक का कोई विपत्ति कुछ बिगाड़ नहीं पाती और सभी अनुकूलताएं चुम्बकीय आकर्षण से उसकी ओर खिंची आतीं है। श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं हरियाणा, विशेष रूप से करनाल अंचल के निवासियों के सौभाग्य से यहां श्री घंटाकर्ण देव तीर्थस्थान की विद्यमानता सभी के लिए कुशल-क्षेम, सद्भाग्य निश्चित करने के कारण सभी वर्गों का श्रद्धा-केंद्र है। राष्ट्र संत वाचनाचार्य मनोहर मुनि जी और सेवामूर्ति समन्वयवादी पीयूष मुनि जी की साधना, तपस्या की ऊर्जा से इस धर्मस्थान में दुख निवारण और सुख सृजन की अप्रतिम योग्यता है। प्रीतिभोज तथा आरती का लाभ नरेंद्र जैन, न्यू संजय नगर पानीपत ने लिया। सारा दिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी चहल-पहल रही।

## पालिका ने शहर में हटाया अतिक्रमण

- नगर पालिका की कार्रवाई से दुकानदारों में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी नगर पालिका की ओर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। सरकार के आदेशानुसार नगर पालिका सचिव के द्वारा शहर में मुख्य बाजारों में अतिक्रमण अभियान चलाया गया। इस अतिक्रमण अभियान के लिये जैसे शहर के बाजारों में नगर पालिका की टीम पहुंची दुकानदारों में हडक्रंप मच गया। आनन फानन में दुकानदारों ने अपना सामान उठाना शुरू कर दिया लेकिन नगर पालिका कर्मचारियों ने तत्परता दिखाते हुए जिन दुकानदारों के सामान सडक़ों पर पड़ा था। उनको उठाकर ट्राली में डाल लिया और इसके साथ-साथ कई दुकानदारों के चालान भी किए गए। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने दुकानदारों से कहा कि वह अपनी दुकानों का सामान अपनी हद के अंदर ही रखें अगर कोई दुकानदार अतिक्रमण करता हुआ पाया गया तो उसका सामान जप्त कर लिया जाएगा और जुर्माना लगाया जाएगा। पहली बार चालान 5 सौ का किया जाएगा और अगर अगली बार वह अतिक्रमण करता हुआ पाया गया तो 5 हजार का जुर्माना किया जाएगा और सामान भी जप्त कर लिया जाएगा। आज शहर में नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस अवसर पर नगर पालिका इंचार्ज जोहनलाल, विक्रम कुमार, अनिल कुमार, अक्षय कुमार सहित अनेक नगर पालिका कर्मचारी व पुलिस बल भी मौजूद था।



**तरावड़ी।** बाजार अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते नपा कर्मचारी।

## अनूप भारद्वाज फिर चुने गए राष्ट्रीय अध्यक्ष

- सर्वसम्मति से हुआ चुनाव, पूरे उत्तरी भारत को जोड़ने वाले प्रयासों की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



आल इंडिया कश्यप राजपूत (पं) वेलफेयर सोसाइटी रजिस्टर्ड की अहम बैठक शुक्रवार को कश्यप भवन कार्यालय, देवी नगर, अंबाला शहर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सोसाइटी के चेयरमैन ओम मेहरा ने की। इसमें सैकड़ों की संख्या में कश्यप समाज के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। तीन साल का कार्यकाल समाप्त होने पर नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराया गया। निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में आयोजित प्रक्रिया के दौरान सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से **अनूप भारद्वाज कश्यप को लगातार दूसरी बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया। सदस्यों ने कहा कि अनूप भारद्वाज कश्यप के प्रयासों से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तरी भारत का कश्यप समाज एक सूत्र में बंधा है। उनके नेतृत्व में कई भव्य सामाजिक और धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक हुए हैं। चुनाव हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसाइटी एक्ट 2012 के तहत निर्वाचन अधिकारी की देखरेख में पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ। इस मौके पर ओम मेहरा, प्रताप सिंह, गुरदीप टाक, शमशेर सिंह, नरेश कुमार, अश्वनी कुमार, शाम सुंदर, सोम प्रकाश, शक्ति देवी, कस्तूरी लाल, रमेश टाक, वरिंदर हातड़, सुरिंदर काला, अनित कुमार, बलदेव राज, राज कुमार काला सहित कई वश प्रधान और सैकड़ों सदस्य शामिल रहे।




## रैपिड एक्शन फोर्स व इंद्री पुलिस ने शहर मे निकाला फ्लैग मार्च

**इंद्री।** इंद्री शहर में शुक्रवार को रैपिड एक्शन फोर्स व इंद्री पुलिस ने संयुक्त रूप से इंद्री थाना प्रभारी विपिन कुमार व रैपिड एक्शन फोर्स के सतीश कुमार के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला। उन्होने बताया कि इस फ्लैग मार्च का मकसद शहर वासियों को सुरक्षित माहौल देना है। यह फ्लैग मार्च इंद्री पुलिस थाने से शुरू होकर शहर के बाजारों व मोहल्लों से होता हुआ वापिस इंद्री थाने में पहुंचा। इस दौरान थाना प्रभारी विपिन कुमार ने रैपिड एक्शन फोर्स की टीम को संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों के बारे मे जानकारी दी। रैपिड एक्शन फोर्स के सतीश कुमार ने बताया कि इस फ्लैग मार्च का उद्देश्य शहर वासियों को सुरक्षित माहौल का भरोसा दिलवाना है। उन्होने बताया कि इस परिचय अभ्यास के दौरान संबंधित क्षेत्र की जनसंख्या सामाजिक दृष्टि से संवेदनशील जगहों व विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा की सूची तैयार की जाती है। जिससे भविष्य में किसी प्रकार की कोई सांप्रदायिक तनाव एवं दंगे की स्थिति घटित होने या प्राकृतिक आपदा पर नियंत्रण किया जा सके।

## कार्यशाला में बताई योजनाएं

- पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को वर्कशॉप ऑन फ्लैगशिप स्कीम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता जिला युवा अधिकारी सुरमयी शर्मा ने की जिसमें 100 युवाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में विषय विशेषज्ञ के तौर पर उपस्थित नगर निगम करनाल से स्वच्छ भारत मिशन के ट्रिगर मास्टर गुरदेव ने युवाओं को स्वच्छ भारत मिशन के बारे में जागरूक किया। उन्होंने युवाओं को अलग अलग प्रकार के कचरे और उसके निस्तारण के बारे में बताते हुए कहा की हम कचरे को जिस प्रकार का कचरा है उसी के डस्टबिन में फेंकना चाहिए तथा अपने आसपास भी सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि हम सभी कचरे को बाहर नहीं फेंकेंगे तथा आसपास भी सभी को इसके प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में राम नगर पोस्ट ऑफिस से सब पोस्ट मास्टर अर्जिंदर कुमार ने युवाओं को डाक विभाग से संबंधित जानकारी युवाओं के साथ साझा की। कार्यक्रम में मुख्य सहयोग युवा स्वयं सेवकों सागर, सतपाल, विशाल ऋषभ व सुजाता का रहा।



**करनाल।** एक दिवसीय कार्यशाला में फ्लैगशिप स्कीम के तहत बच्चों को जागरूक करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

## अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूरेशिया एफ्रो चैम्बर ऑफ कॉमर्स के मीडिया प्रभारी बने हरीश

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



नवनियुक्त मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार हरीश चावला।

- कहा: अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर जो जिम्मेदारी मिली है उसे वह हर हाल में निभाएंगे

करनाल जिले के वरिष्ठ पत्रकार हरीश चावला ने तरावड़ी क्षेत्र का नाम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय संस्था यूरेशिया एफ्रो चैम्बर ऑफ कॉमर्स में उत्तर भारत का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति यूरेशिया एफ्रो चैम्बर ऑफ कॉमर्स के चेयरमैन डॉ. रोहित गुप्ता ने की है। डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि हरीश चावला पत्रकारिता क्षेत्र में पिछले 30 वर्षो से निष्पक्ष और ईमानदारी से कार्य करते हुए जन सेवा कर रहे है। उनके इन्हीं कार्यो को देखते हुए उत्तर भारत में इस पद पर उनकी नियुक्ति की गई है। डॉ. रोहित गुप्ता ने कहा कि उत्तर भारत के सभी प्रदेशों में मीडिया प्रभारी नियुक्त करने की जिम्मेदारी भी हरीश चावला को दी गई है। डॉ. रोहित गुप्ता ने बताया कि यह संस्था 34 देशों में कार्यरत है। हरीश चावला ने अपनी नियुक्ति पर महाकाल स्वामी कैलाश पुरी जी महाराज के साथ-साथ संस्था के चेयरमेन डॉ. रोहित गुप्ता का आभार व्यक्त किया है।

## करनाल की बेटी मानवी का 24 को वर्ल्ड रिकॉर्ड में होगा नाम दर्ज

# एक्सीलेंस अवार्ड से भी किया जाएगा सम्मानित



करनाल की बेटी मानवी। *फोटो: हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

- ताइक्वांडो के क्षेत्र में 3 साल की उम्र में सबसे पहली ब्लैक बेल्ट कोरिया कुक्कीवोन की ओर से 28 फरवरी 2023 में प्राप्त की

शहर गांव बागपति, हरियाण की बेटी मानवी ने सबसे कम उम्र में ताइक्वांडो के क्षेत्र में 3 साल की उम्र में सबसे पहली ब्लैक बेल्ट कोरिया कुक्कीवोन की ओर से 28 फरवरी 2023 में प्राप्त की। 5 साल की उम्र में मानवी ने ताइक्वांडो में दूसरी ब्लैक बेल्ट कोरिया कुक्कीवोन की ओर से 28 अप्रैल 2025 में प्राप्त की। सबसे कम उम्र में ताइक्वांडो के क्षेत्र में दो ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाली खिलाड़ी मानवी बेटी का नाम वल्ड रिकॉर्ड ऑफ़ एक्सीलेंस मैं दर्ज हो चुका है। वल्ड रिकॉर्ड में मानवी का नाम दर्ज होने पर वल्ड रिकॉर्ड की ओर से मानवी को 24 अगस्त 2025 को मुंबई में एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। इसी खुशी में मानवी का नाम वल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने पर मानवी को फूल मालाओं के साथ अकादमी में सम्मानित किया गया। एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा ने बताया कि मानवी 2 साल की उम्र में ही ताइक्वांडो ट्रेनिंग करने लग गई थी उसका रुझान गेम के प्रति बहुत ज्यादा देखकर मानवी को ट्रेनिंग करवाई गई थी। बेटी मानवी द्वारा प्राप्त की गई उपलब्धियां करनाल जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। करनाल कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2023 में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। ओपन इंटरनेशनल स्पीड किक ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2024 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। हरियाणा स्टेट अस्मिता ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 2024 में नेशनल डायमंड अवार्ड से सम्मानित हो चुकी हैं।

## दादी प्रकाशमणि को दी श्रद्धांजलि

- रक्तदान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



सेक्टर-7 स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर में राजयोगिनी डॉक्टर दादी प्रकाशमणि के स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा व रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस अवसर पर निफा, हरियाणा ड्राइविंग स्कूल करनाल, पावना फाउंडेशन व लक्ष्य जनहित सोसायटी सहित कई सामाजिक संगठनों ने सहयोग दिया। मुख्य अतिथि के रूप में करनाल मेयर रेणु बाला गुप्ता, हरियाणा सूचना आयुक्त संजय मदान, निफा चेयरमैन प्रितपाल सिंह पुन्नू और संयोजक एडवोकेट नरेश बराना ने दीप प्रज्वलित कर व चित्र पर पुष्प अर्पित किए। हरियाणा रोडवेज ड्राइविंग स्कूल के अधिकारी दविंदर कुमार, विनोद कुमार व नरेश कुमार ने भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए रक्तदान को महादान बताया। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि दादी जी ने समाज की सेवा कर अनेक जिंदगियों को नई दिशा दी। सूचना आयुक्त संजय मदान ने कहा कि ब्रह्माकुमारी सेंटर में आते ही "ओम शांति" का वातावरण आत्मा को शांति का अनुभव कराता है। बीके प्रेम दीदी, नैशनल कोऑर्डिनेटर, आर्ट एंड कल्चर विंग ने बताया कि 22 से 25 सितंबर तक देशभर में दादी जी की याद में रक्तदान शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि रक्त की कमी से किसी की जान न जाए। इस अवसर पर एडवोकेट नरेश बराना, युगेष गुप्ता, हितेश गुप्ता, रजनीश चौपड़ा, गंभीर 'सबमा' आदि रहे।

## खबर संक्षेप

### एटक के सम्मेलन को लेकर बैठक की

**पानीपत।** आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस एटक के जिला सम्मेलन की तैयारी में आज एटक के जिला प्रधान का.पवन कुमार सैनी एडवोकेट, प्रदेश उपाध्यक्ष का.दरियाव सिंह कश्यप एवं हरियाणा खेत मजदूर यूनियन के जिला सचिव का.भूपेन्द्र कश्यप ने संयुक्त रूप से दि वूल खडडी एंड टैक्सटाइल वर्कर्स यूनियन, बीबीएमबी कर्मचारी यूनियन, रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा, मनरेगा मजदूर यूनियन, हरियाणा खेत मजदूर यूनियन एवं दि इंजीनियरिंग एंड टैक्सटाइल वर्कर्स यूनियन के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किया

### लापता हुए तीन बच्चे में बरामद किए

**पानीपत।** आठ मरला चौकी पुलिस ने एक ही कॉलोनी से एक साथ लापता हुए तीन बच्चों को महज 18 घंटे के दौरान सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। बच्चों को सकुशल पाकर घरों में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने इसके लिए पानीपत पुलिस का आभार व्यक्त किया।

### शिकायतों के समाधान की प्रगति जानने को लेकर समीक्षा बैठक

# शिकायतों के निस्तारण में और तेजी लाएं अधिकारी: डॉ. दहिया

- मुख्यमंत्री नायब सिंह स्वयं समाधान शिविर की प्रगति पर अपडेट ले चुके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला सचिवालय सभागार में आज उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया ने विभिन्न विभागों के अध्यक्षों के साथ पिछले दिनों समाधान शिविर में दर्ज हुई। शिकायतों के समाधान की प्रगति जानने को लेकर समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण अधिकारियों के द्वारा होना है वे इसमें समय ना लगाए। मुख्यमंत्री नायब सिंह स्वयं समाधान शिविर की प्रगति पर अपडेट ले चुके हैं। यही नहीं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी जुड़ कर संज्ञान ले चुके हैं। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारियों को समाधान शिविर में दर्ज शिकायतों के निस्तारण को लेकर और गम्भीरता से कार्य करना होगा। उन्होंने जिन विभागों की पेंडेंसी बचती है उन्होंने जल्द से जल्द दूर करने व एटीआर की क्वालिटी चैक करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में नगर निगम अतिरिक्त आयुक्त विवेक चौधरी ने जिन विभागों की समाधान शिविर से संबंधित समस्याएं बचती हैं उनके समाधान न होने का कारण जाना व तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पानीपत एसडीएम मनदीप कुमार, इसराना एसडीएम नवदीप नैन, सीईओ जिला परिषद डॉ. किरण सिंह, नगराधीश टिनू पोशवाल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजेश शर्मा, डीएसपी सतीश वत्स, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता कारण बहल, पशुपालन विभाग की एसडीओ डॉ. भगवान, बीईओ मनीष गुप्ता, मत्स्य विभाग अधिकारी मदन मोहन, डीपीओ परमिंदर कौर के अन्य कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



पानीपत। समाधान शिविर में जनता की समस्याएं सुनते हुए अधिकारी।

# विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से पूरा करें : डॉ. सिंह



पानीपत। जिला सचिवालय में सीईओ, जिला परिषद डीआरडीए डॉ. किरण सिंह, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

- मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद डीआरडीए डॉ. किरण सिंह ने चल रहे विकास कार्यों व परियोजनाओं के सम्बन्ध में बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद डीआरडीए डॉ. किरण सिंह ने समालखा विधान सभा क्षेत्र (जिसमें खण्ड समालखा, बापौली एवं सनौली खुर्द आते हैं) में चल रहे विकास कार्यों व परियोजनाओं के सम्बन्ध में बैठक ली। बैठक में सीएम, अनाऊन्समेंट, एच. आरडीएफ, ई-लाइब्रेरी, जिम, महिला सांस्कृत केन्द्र, व्यामशाला, एचजीवीवाई, वीएएनजीवाई, एसएजीवाई, पीएमएजीवाई, एमपीएलएडीएस, प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण, खेत खलिहान आदि विकास कार्यों परियोजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला परिषद सीईओ डॉ. किरण सिंह ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों से उपरोक्त स्कीमों के अंतर्गत चल रहे सभी कार्यों के सम्बन्ध में प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा की तथा उनको निर्देश दिए कि उनके अधीन जो कार्य अभी तक शुरू नहीं हुए है उनको शीघ्र अति शीघ्र शुरू करवाया जाए तथा जो कार्य लम्बे समय से लम्बित है उनको अविलिम्ब पूर्ण करवाया जाये। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा की उपरोक्त स्कीमों के अंतर्गत चल रहे कार्यों में यदि किसी भी प्रकार की कोई भी अड़चन रूकावट या परेशानी आ रही है तो उनका समाधान करते हुए कार्यों को अविलम्ब पूर्ण करें।

**ये मौजूद रहे**

बैठक में कार्यकारी अभियन्ता, पंचायती राज कार्यकारी अभियन्ता, जिला परिषद, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी बापोली व सनौली खुर्द, उप-मण्डल अभियन्ता, समालखा, बापौली व सनौली खुर्द, समाज शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी, समालखा एवं समस्त जे.ई. खण्ड समालखा, बापौली व सनौली खुर्द के अतिरिक्त जिला परिषद कार्यालय एवं डीआरडीए कार्यालय से सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष को जलाने वाले किसानों पर सख्त कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

हम सब की खुशहाली के लिए धान की पराली के अवशेष किसी भी सूरत में ना जलाए। पराली किसान की स्वयं की पूंजी है इस पर ध्यान देना होगा। पराली न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी नुकसान पहुंचाता है। इसे रोकने के लिए कई कदम उठाने की जरूरत है। इसके लिए उपायुक्त ने सभी उप मंडल अधिकारियों, कृषि विभाग, पंचायत विभाग और कई अन्य विभाग को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि हालांकि अभी फसल आने में समय है लेकिन हमें पहले से ही इसकी पुख्ता तैयारी करने की जरूरत है। उपायुक्त ने सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए की वो पूरी तरह से मॉनिटरिंग करें एक भी जगह पराली नहीं जलानी चाहिए। इस मौके पर एसडीएम मनदीप सिंह, समालखा एसडीएम अमित कुमार, इसराना एसडीएम नवदीप नैन, कृषि विभाग के उपनिदेशक आत्माराम गोदारा, तकनीकी अभियंता सुधीर, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा, तहसीलदार बिरेंदर गिल, सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया, अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

## नशे के खिलाफ विद्यार्थियों को जागरूक किया



समालखा। पुलिस अधीक्षक पानीपत द्वारा चलाए गए नशा मुक्ति अभियान के दौरान पुलिस ने शुक्रवार को गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गांव खोतपुरा में जाकर विद्यार्थियों को नशा करने के दुष्परिणाम बारे विस्तृत जानकारी देकर अपने जीवन में कभी भी नशा नहीं करने बारे शपथ दिलवाई गई। नशा अभियान कार्यक्रम डीएसपी नरेन्द्र कादियान के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में एएसआई जगपाल सिंह ने बच्चों को समझाया कि नशा की बुराई से मनुष्य के जीवन में कितने प्रकार की समस्याएं खड़ी होती हैं,उसका स्वास्थ्य दिनों दिन खराब होता जाता है। धन हानि भी होती है।सामाजिक प्रतिष्ठा भी धीरे-धीरे गिरने लगती है।

# विभिन्न गांवों का दौरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनेलो ने 26 अगस्त को किसान केसरी चौ.अभय सिंह चौटाला के पानीपत आगमन पर हलका पानीपत ग्रामीण में जनसंपर्क कार्यक्रम रखा है। जिसमें मुख्य रूप से प्रभारी मदन चौधरी और जिलाध्यक्ष कुलदीप राठी ने अपनी कार्यकारिणी सहित विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत आज उन्होंने गांजबड़ खोतपुरा, बबैल, निम्बरी, रिसालू, डाहर, बिंझौल और जाटल गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया तथा ग्रामीणों को चौ.अभय सिंह चौटाला के कार्यक्रम के बारे जानकारी दी। जनसंपर्क कार्यक्रम का नेतृत्व पानीपत ग्रामीण हलका प्रधान शमशेर सिंह देशवाल ने किया। इस अवसर पर हल्का प्रधान शमशेर देशवाल, रामकुमार नंबरदार, कृष्ण भौक्कर, हरि ओम , सुभाष निबंरी, राजू, रविंद्र, दिलबाग, रणबीर मान व सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।



पानीपत। जनसंपर्क अभियान में तहत ग्रामीणों को संबोधित करते कुलदीप राठी व अन्य।



शहीद डा.महेन्द्र रंजन के श्रद्धांजलि समारोह में मंचासीन अतिथिगण।

## भाजपा ने दी डा.महेन्द्र को श्रद्धांजलि

**पानीपत।** भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ.महेन्द्र रंजन की पुण्यतिथि पर जिन्हें 21 अगस्त 1991 को आतंकवादियों ने शहीद कर दिया था। भाजपा पुरोधा मंच द्वारा आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक प्रेम गिरधर के नेतृत्व में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहीद डॉ.रंजन को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के भाई हरपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा सहित कई वरिष्ठ नेता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जबकि डॉ.रंजन के पुराने सहयोगियों में हुकमचंद मेहता, कृष्ण लाल गांधी, सुरेश गुम्बर, सुरेंद्र टुटेजा और अनिल मदान ने उनके व्यक्तित्व, सादगी, समाज के प्रति समर्पण और प्रेरणादायी जीवन पर अपने विचार साझा किए।

# स्वतंत्रता दिवस पर प्रथम आने पर गुरू रामदास स्कूल के विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शिवाजी स्टेडियम में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में श्री गुरु रामदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल मॉडल टाउन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने श्री गुरु रामदास सीनियर सेकेंडरी स्कूल को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया था।

जिसके बाद आज प्रबंधन समिति ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या हरजिंद्रपाल कौर ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगे बढने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सरदार हरचरण सिंह धम्मू, स्कूल कमेटी के अध्यक्ष स.सरबजीत सिंह, स. चरणजीत सिंह, स. राजेंद्र सिंह और स.विक्रमजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। स्वतंत्रता दिवस पर प्रथम आने वाले विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

## देवी मंदिर रोड एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित

**पानीपत।** इंसार बाजार देवी मंदिर रोड एसोसिएशन ने अपनी नई कार्यकारिणी सर्वसम्मति से घोषित की। आज हुई मीटिंग की अध्यक्षता चेयरमैन ठाकुर बांगा ने इंसार बाजार स्थित श्री दीवान साहिब में की। जिसमें सरपरस्त डॉ.केवल कृष्ण मेहता व यश अरोड़ा प्रधान, सुशील भराड़ा उपप्रधान, स.मनिंदर चावला महामंत्री व मीडिया प्रभारी राजेश आहूजा, सचिव संजीव अरोड़ा, मनोज अरोड़ा कोषाध्यक्ष, दीपक अरोड़ा सह कोषाध्यक्ष, किशन धीमान सह सचिव, सुमित तेहरी व रिंकू मेहता सहमंत्री, रॉकी बहल व पुनीत बवेजा खाद्य मंत्री, स.गुरुबक्श सिंह प्रचार मंत्री, तनुज गोयल कार्यकारणी सदस्य अशोक बत्रा व ललित भारती को चुना गया। सभी को अशोक अरोड़ा ने पटका पहना कर स्वागत किया।

## आर्य गर्ल्स स्कूल की हाकी बनी टीम नार्थ जोन हॉकी में हैट्रिक



**पानीपत।** आर्य गर्ल्स पब्लिक स्कूल की हाकी टीम सीबीएसई नार्थ जोन हॉकी टूर्नामेंट की लगातार तीसरी बार चैंपियन बनी है। टूर्नामेंट में आर्य गर्ल्स की दोनों टीमों ने अपने-अपने खेल का लोहा मनवाया। अंडर 14 की टीम का फाइनल मैच डीएएवी पब्लिक स्कूल लुधियाना के साथ था। जिसमें अंडर 14 की हॉकी टीम स्वर्ण पदक विजेता बनी और चैंपियन बनने की हैट्रिक लगाई। वहीं अंडर 19 गर्ल्स की टीम ने भी रजत पदक पक्का कर लिया। विद्यालय परिसर में पूरी टीम और कोच धर्मेंद्र का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय में इन खिलाडियों और उनके अभिभावकों के लिए विशेष सम्मान समारोह रखा गया। विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र शिंगला, वाइस चेयरमैन सीए कमल किशोर, मैनेजर अरुण आर्य, कैशियर नरेश गर्ग, वरिष्ठ सदस्य वीरेन्द्र सिंगला, प्रधानाचार्या मीनाक्षी अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या अनुभा गुप्ता ने टीम के शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी।

## नशा तस्कर को दस साल की कैद

**पानीपत।** पानीपत पुलिस की सीआईए वन ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में बिजेंद्र उर्फ काला पुत्र रामकुमार निवासी गांव कुराना जिला पानीपत को गिरफ्तार किया था। आरोपी बिजेंद्र के खिलाफ 27 दिसंबर सन 2018 को थाना इसराना पुलिस में 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया था। अतिरिक्त सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने बिजेंद्र को मादक पदार्थ की तस्करी का दोषी करार देते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा देते हुए एक लाख रूपये का जुर्माना किया। जुर्माना नहीं देने पर दोषी बिजेंद्र को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा।

# ट्रांसफर को लेकर आमरण अनशन की हो सकती है घोषणा : कृष्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ऑनलाइन ट्रांसफर ड्राइव को चलवाने की मांग को लेकर शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति हरियाणा 24 अगस्त को शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित आवास पर एक दिवसीय सांकेतिक अनशन करेगी। समिति के राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण एवं राज्य प्रेस प्रवक्ता ऋ षिराज नरवाल ने बताया कि इस सांकेतिक अनशन पर ही आगामी आंदोलन की घोषणा की जाएगी। राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने बताया कि समिति ने 24 अगस्त के अनशन के लिए प्रदेश के सभी शिक्षक संघों को भी पत्र लिखकर सहयोग की अपील भी की है। इस अवसर पर कमल किशोर, अजय कुमार, विशाल सिंह व चमन लाल उपस्थित थे।



# स्वयं को समझने और आत्मविकास के लिए ध्यान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी महाविद्यालय में एनएसएस लीगल लिटरेसी एंड वूमेन सेल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य विषय तनाव प्रबंधन रहा। मुख्य वक्ता ब्रह्मकुमारी सुनीता बहन रही। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक, डॉ.सीमा, डॉ.नीलम, डॉ.निधि और खुशबू द्वारा मुख्य वक्ता सुनीता को तुलसी पौधा भेंट देकर उनका स्वागत किया गया। बीके सुनीता ने कहा कि ध्यान के द्वारा हम अपने मन को शांत कर सकते हैं और तनाव को कम कर सकते हैं। स्वयं को समझने और आत्म.विकास के लिए ध्यान का अभ्यास करना आवश्यक है। इस अवसर पर प्रो.खुशबू एनएसएस प्रभारी, डॉ.सुनीता ढांडा, कनक शर्मा, डॉ.भगवंत कौर, डॉ. मोनिका, डॉ.पूनम गुप्ता, डॉ.नेहा पुनिया, करुणा सचदेवा, डॉ.नीतू , आकांशा, अंशिका, रेखा, डॉ.वसुंधरा मदान, संगीता, विशाल, अमन, प्रिया, अनु व नीतू उपस्थित रहे।




पानीपत। बीके सुनीता का स्वागत करते प्राचार्य डॉ.शशि प्रभा मलिक व अन्य ।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**सतीश कत्याल पुत्र श्री पृथ्वी राज कत्याल पुत्र श्री देवी दयाल कत्याल निवासी मकान नं0 119-आर, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत हरियाणा व आदि**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के मध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि सतीश कत्याल पुत्र श्री पृथ्वी राज कत्याल पुत्र श्री देवी दयाल कत्याल निवासी मकान नं0 119-आर, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है। मृतक स्व० पृथ्वी राज कत्याल पुत्र श्री देवी दयाल कत्याल की मृत्यु दिनांक 19.01.2006 को हो चुकी है। मृतक स्व० पृथ्वी राज कत्याल पुत्र श्री देवी दयाल कत्याल के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी हैं:-1. सतीश (पुत्र) 2. जगमोहन (पुत्र) 3. देविन्द्र (पुत्र) 4. कंचनं (पुत्री) 5. रीटा (पुत्री) 6. करूना (पुत्री) ही जायज वारिस हैं। इनके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है। मृतक की माता स्व० श्रीमति पार्वती का अरसा पहले देहान्त हो चुका है।
मृतक स्व० पृथ्वी राज कत्याल पुत्र श्री देवी दयाल कत्याल का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नही है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि मृतक स्व० पृथ्वी राज कत्याल पुत्र श्री देवी दयाल कत्याल के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो यह स्वंय/अधिवयता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**राजीव कुब्बा पुत्र श्री कृष्ण कुमार कुब्बा निवासी मकान न0 ए-116, यमुना एन्कलेव तहसील व जिला पानीपत हरियाणा व आदि**
**बनाम**
**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि राजीव कुब्बा पुत्र श्री कृष्ण कुमार कुब्बा निवासी मकान न0 ए-116, यमुना एन्कलेव तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। मृतक स्व० श्रीमति सुषमा कुब्बा धर्मपत्नी श्री कृष्ण कुमार कुब्बा का दिनांक 04.10.2014 को देहान्त हो चुका है। मृतक स्व० श्रीमति सुषमा कुब्बा धर्मपत्नी श्री कृष्ण कुमार कुब्बा के देहान्त के बाद निम्न वारिस उत्तराधिकारी है:- 1. राजीव कुब्बा (पुत्र) 2. हिमांशु कुब्बा (पुत्र) ही जायज वारिस हैं। इनके अलावा अन्य कोई वारिस नहीं है।
मृतक स्व० श्रीमति सुषमा कुब्बा धर्मपत्नी श्री कृष्ण कुमार कुब्बा का अन्य कोई वारिस उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि मृतक स्व० श्रीमति सुषमा कुब्बा धर्मपत्नी श्री कृष्ण कुमार कुब्बा के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 21.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत।**

**गगनदीप पुत्र श्री शिव लाल निवासी मकान नम्बर 229/11, रानी महल पानीपत।**
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है गगनदीप पुत्र श्री शिव लाल निवासी मकान नम्बर 229/11, रानी महल पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता शिव लाल पुत्र श्री जीवन दास निवासी वार्ड-11, माटा चौक, पानीपत की दिनांक 12-05-2015 को मृत्यु हो चुकी है। एंवम मेरी माता श्रीमति वनती रानी जी की मृत्यु काफी अरसा पहले हो चुकी है और मेरी दादी वीरा बाई की भी काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न वारिस/उतराधिकारी दर्शाये गये हैं। अंजना गुर्जर वार्ड नम्बर 11, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम रवि पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसान की तसदीक की गई है:-
1- गगनदीप पुत्र, व 2- विपिन पुत्र व 3- सुरेंदर कुमार पुत्रगण श्री शिव लाल यानि कुल 3 ही वारिस हैं।
इनके ईलावा मृतक शिव लाल पुत्र श्री जीवन दास का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध मे प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तेहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 07.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।
हस्ता/- तहसीलदार-कम-संयुक्त-सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**कैंपस** 2021 बैच से लेकर 2025 बैच के विद्यार्थियों ने भाग लिया

# आर्य कालेज में प्लेसमेंट ड्राइव, 25 का चयन

- अधिकारियों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया
- कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल व एनआईआईटी के संयुक्त तत्वाधान में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में एनआईआईटी की ओर से अभय वर्मा, सीनियर कैरियर काउंसलर एवं मनोज कश्यप एसोसिएट पार्टनर शामिल हुए। यह प्लेसमेंट ड्राइव एन आईआईटी ने एक्सिस बैंक में असिस्टेंट मैनेजर पद के लिए कराई गई। प्राचार्य प्रो.डॉ. जगदीश गुप्ता ने एनआईआईटी से पहुंचे अधिकारियों का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया व करियर गाइडेंस एंड प्लेसमेंट सेल की इंचार्ज प्राध्यापिका आस्था गुप्ता, समन्वयक डॉ. रजनी शर्मा व समन्वयक प्रो.पंकज चौधरी को इसके सफल आयोजन के लिए बधाई दी। प्राचार्य प्रो.डॉ.जगदीश गुप्ता ने बताया कि इस तरह की कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव महाविद्यालय पर समय-समय पर आयोजित की जाती हैं। आज की इस महाविद्यालय से स्नातक व स्नातकोतर पास किए हुए विद्यार्थियों के लिए आयोजित थी। जिसमें 2021 बैच से लेकर 2025 बैच के विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनआईआईटी की टीम ने विद्यार्थियों का साक्षात्कार लिया। प्लेसमेंट टीम से प्रो.आस्था गुप्ता, डॉ.रजनी शर्मा व प्रो. पंकज चौधरी ने बताया कि हर वर्ष पुराने विद्यार्थियों के लिए एनआईआईटी के साथ मिलकर एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाता है। मंच संचालन प्रो.पंकज चौधरी ने किया। कैंपस में 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें से 25 विद्यार्थी शॉर्टलिस्ट हुए।




पानीपत। आर्य कालेज में आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

